कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।

संख्या– 1749 /अधि0/दो–279/2021–22 दिनांक 13 मई, 2022

## कार्यालयादेश

शासनादेश संख्या–147/ix–1/545(2003)/2020 दिनांक 05–06–2020 के अन्तर्गत परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड के संरचनात्मक ढॉचे का पुनर्गठन करते हुए प्रवर्तन कर्मियों के पदों में वृद्धि/संशोधन किया गया है। इसके अतिरिक्त शासनादेश संख्या–612/ix–1/2021–31(01)/2021 दिनांक 16–11–2021 के अन्तर्गत परिवहन चैकपोस्टों को समाप्त किये जाने और शासनादेश संख्या–675/ix–1/2021–67/ix–1/2016 दिनांक 30–12–2021 के अन्तर्गत परिवहन कर अधिकारी–1 एवं परिवहन कर अधिकारी–2 के पदों का संविलियन करते हुए पदों की संख्या में कमी की गयी है। इस प्रकार उक्त संवर्ग के कार्मिकों के सम्बन्ध में पूर्व में कार्यालयवार/चैकपोस्टवार/प्रवर्तन दलवार आवंटन की स्थिति में परिवर्तन किया जाना आवश्यक हो गया है। अतः सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश दिनांक 05–06–2020, 16–11–2021 एवं 30–12–2021 के अनुसार पुनर्गठित पदों को कार्यालय/प्रवर्तन दल वार निम्नवत् आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

1– पुनर्गठित 47 पदों के कार्य प्रकृति के आधार पर उनका संबोधन परिवहन कर अधिकारी (राजस्व) एवं परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) के द्वारा किया जाएगा।

2– चूंकि शासनादेश दिनांक 16–11–2021 के द्वारा राज्य की सीमा पर स्थापित चैकपोस्टों को समाप्त कर दिया गया है, अतः राज्य की सीमा से लगे मार्गों पर अनाधिकृत संचालन, कर अपवंचना को रोकने हेतु राउण्ड द क्लॉक प्रवर्तन अधिकारियों के मोबाईल दल की तैनाती किया जाना आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत देहरादून संभाग में 04 (01 देहरादून उपसंभाग, 01 विकासनगर उपसंभाग, 01 रूड़की उपसंभाग एवं 01 हरिद्वार उपसंभाग), हल्द्वानी संभाग में 04 (01 हल्द्वानी उपसंभाग, 02 रूद्रपुर उपसंभाग एवं 01 काशीपुर उपसंभाग) एवं पौडी संभाग में 01 (कोटद्वार उपसंभाग) कुल 09 मोबाईल टास्क फोर्स के गठन का निर्णय लिया गया है। उक्त टास्क फोर्स राउण्ड द क्लॉक (8–8 घण्टे की

कार्यालयः कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
दूरभाषः 0135–2608105, 2608106, फैक्सः 2608108, ई–मेलः transportdeptuk@gmail.com

शिफ्ट में) संचालित होगी, प्रत्येक शिफ्ट में 01 परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा), 01 प्रवर्तन पर्यवेक्षक, 02 प्रवर्तन सिपाही तैनात होंगें।

3— अवशेष पुर्नगठित 20 परिवहन कर अधिकारियों में से 10 कार्यालयों में 01—01 परिवहन कर अधिकारी (राजस्व) की तैनाती की जायेगी, जिनके द्वारा कार्यालय स्तर पर कर निर्धारण, बकाया राजस्व वसूली हेतु कार्यवाही, प्राप्त राजस्व का रिकन्साईलेशन आदि कार्यों का सम्पादन किया जाएगा।

4— जिन 10 कार्यालयों में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी का एक ही पद स्वीकृत है, उक्त कार्यालयों में 01—01 परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) की तैनाती किया जाना प्रस्तावित है। उक्त अधिकारियों द्वारा उपसंभाग में तैनात सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के निर्देशन में प्रवर्तन कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।

5— वर्तमान में स्वीकृत 47 परिवहन कर अधिकारी के पदों के सापेक्ष 32 परिवहन कर अधिकारी एवं 26 परिवहन कर अधिकारी—2 कार्यरत है। पुनर्गठित 47 पदों से इतर 11 पदों का मृत संवर्ग घोषित किया गया है, अर्थात जैसे—जैसे उक्त पद पर कार्यरत कार्मिको पदोन्नत/सेवानिवृत्त होंगें उक्त पद स्वतः समाप्त होते जायेंगें। अतः वर्तमान में कार्यरत कुल 11 अतिरिक्त पदों में से 08 पदों को 08 इन्टरसेप्टर वाहन पर तैनात किया जाएगा। प्रत्येक इन्टरसेप्टर दल में 01 परिवहन कर अधिकारी/परिवहन कर अधिकारी—2, 01 प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं 02 प्रवर्तन सिपाही की तैनाती की जाएगी।

6— उपरोक्त के अतिरिक्त 03 पद परिवहन आयुक्त कार्यालय में परिवहन कर अधिकारी (आईटी), परिवहन कर अधिकारी (कराधान) एवं परिवहन कर अधिकारी (नियोजन एवं आधुनिकीकरण) के नाम से आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

7— संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) के साथ प्रत्येक दल में 01 प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं 03 सिपाही होगें, जबकि संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के साथ—साथ 01—01 प्रवर्तन पर्यवेक्षक तथा सहा0संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के साथ 01—01 प्रवर्तन सिपाही की तैनाती होगी।

8– मुख्यालय स्तर पर सहायक परिवहन आयुक्त अथवा उच्चतर अधिकारी के साथ 01–01 प्रवर्तन पर्यवेक्षक की तैनाती किया जाना प्रस्तावित है, जबकि लीड एजेन्सी में 02 वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं 02 प्रवर्तन सिपाही की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

9– नवसृजित पद वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक के नियन्त्रण में भी तहसील स्तर पर मोटरसाईकिल प्रवर्तन दल के गठन का प्रस्ताव है। उक्त प्रत्येक दल में 01 वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं 01 प्रवर्तन सिपाही तैनात होंगे।

10– उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णयानुसार पदों का कार्यालयवार/प्रवर्तनदलवार आवंटन निम्नवत् किया जाता है:–

**(1) परिवहन कर अधिकारी (राजस्व, प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा)**

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | परिवहन कर अधिकारी (राजस्व) | परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, देहरादून | 01 | – |
| 2 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी | 01 | – |
| 3 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अल्मोडा | 01 | – |
| 4 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, पौडी | 01 | – |
| 5 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, हरिद्वार | 01 | – |
| 6 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की | 01 | – |
| 7 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश | 01 | – |
| 8 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, विकासनगर | 01 | – |
| 9 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रपुर | 01 | – |
| 10 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, काशीपुर | 01 | – |
| 11 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, टिहरी | – | 01 |
| 12 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, उत्तरकाशी | – | 01 |
| 13 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, टनकपुर | – | 01 |
| 14 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रामनगर | – | 01 |
| 15 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, पिथौरागढ़ | – | 01 |
| 16 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर | – | 01 |
| 17 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग | – | 01 |
| 18 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय,रूद्रप्रयाग | – | 01 |
| 19 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कोटद्वार | – | 01 |
| 20 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रानीखेत | – | 01 |
| | **योग:–** | **10** | **10** |

कार्यालय: कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
दूरभाष: 0135–2608105, 2608106, फैक्स: 2608108, ई–मेल: transportdeptuk@gmail.com

(2) परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा/टास्क फोर्स)

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | स्वीकृत पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, देहरादून | 03 | |
| 2 | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, विकासनगर | 03 | |
| 3 | उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की | 03 | |
| 4 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, हरिद्वार | 03 | |
| 5 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी | 03 | |
| 6 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रपुर | 06 | |
| 7 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, काशीपुर | 03 | |
| 8 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कोटद्वार | 03 | |
| | **योगः—** | **27** | |

(3) परिवहन कर अधिकारी—2, (मृत संवर्ग)

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | स्वीकृत पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, देहरादून | 02 | इन्टरसेप्टर वाहन हेतु |
| 2 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी | 02 | —तदैव— |
| 3 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अल्मोडा | 01 | —तदैव— |
| 4 | सम्भागीय परिवहन कार्यालय, पौडी | 01 | —तदैव— |
| 5 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, हरिद्वार | 01 | —तदैव— |
| 6 | उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रपुर | 01 | —तदैव— |
| 7 | परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड | 03 | परिवहन कर अधिकारी (आईटी), परिवहन कर अधिकारी (कराधान) एवं परिवहन कर अधिकारी (नियोजन एवं आधुनिकीकरण) |
| | **योगः—** | **11** | |

(4) वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक

| क्र0 सं0 | कार्यालय/अधिकारी का पद नाम | वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन आयुक्त कार्यालय, देहरादून, उत्तराखण्ड | 02 | 02 | लीड एजेन्सी में मार्ग सर्वेक्षण, ब्लैक स्पॉट स्थल निरीक्षण एवं अन्य कार्यों हेतु |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन), देहरादून | 11 | 11 | **उपसंभाग** | | **तहसील** |
| | | | | ऋषिकेश | 1 | डोईवाला (सत्यनारायण) |
| | | | | | 2 | यमकेश्वर |
| | | | | विकासनगर | 3 | त्यूनी |
| | | | | हरिद्वार | 4 | लक्सर |
| | | | | टिहरी | 5 | देवप्रयाग / गजा |
| | | | | | 6 | कीर्तिनगर |
| | | | | | 7 | घनसाली |
| | | | | | 8 | धनौल्टी |
| | | | | उत्तरकाशी | 9 | भटवाडी (गंगोत्री) |
| | | | | | 10 | बड़कोट (यमुनौत्री) |
| | | | | | 11 | पुरोला |
| 3 | संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन), हल्द्वानी | 06 | 06 | **उपसंभाग** | | **तहसील** |
| | | | | हल्द्वानी | 1 | धारी |
| | | | | | 2 | बेतालघाट |
| | | | | रामनगर | 3 | धूमाकोट |
| | | | | | 4 | सल्ट |
| | | | | टनकपुर | 5 | चम्पावत |
| | | | | | 6 | पाटी |
| 4 | संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन), अल्मोडा | 07 | 07 | **उपसंभाग** | | **तहसील** |
| | | | | अल्मोड़ा | 1 | जागेश्वर |
| | | | | | 2 | सोमेश्वर |
| | | | | रानीखेत | 3 | द्वाराहाट |
| | | | | बागेश्वर | 4 | कौसानी / गरूड़ |
| | | | | पिथौरागढ | 5 | धारचूला |
| | | | | | 6 | मुनस्यारी |
| | | | | | 7 | डीडीहाट |
| 5 | संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन), पौडी | 05 | 05 | **उपसंभाग** | | **तहसील** |
| | | | | पौडी | 1 | बीरोंखाल |
| | | | | | 2 | थैलीसैंण |
| | | | | चमोली | 3 | जोशीमठ |
| | | | | | 4 | गोपेश्वर |
| | | | | रूद्रप्रयाग | 5 | गुप्तकाशी |
| | योग | 31 | 31 | | | |

**(6) संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ प्रवर्तन कर्मी–**

| क्रम संख्या | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) | 04 | 04 | – |
| 2 | संभागीय परिवहन | 04 | 04 | 12 |

कार्यालयः कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
दूरभाषः 0135--2608105, 2608106, फैक्सः 2608108, ई-मेलः transportdeptuk@gmail.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) | | | |
| | योग | 08 | 08 | 12 |

(7) **सहा0संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ प्रवर्तन कर्मी–**

| क्रम संख्या | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा0 संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) | 10 | – | 10 |
| 2 | सहा0 संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) | 10 | 10 | 30 |
| 3 | सहा0 संभागीय परिवहन अधिकारी | 10 | 10 | 30 |
| 4 | सहा0 संभागीय परिवहन अधिकारी (मुख्यालय) | 02 | 01 | 03 |
| | **योग** | **32** | **21** | **73** |

(8) **परिवहन कर अधिकारी के साथ प्रवर्तन कर्मी–**

| क्रम संख्या | फोर्स/ अधिकारी का पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **टास्क फोर्स/** परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) | 27 | 27 | 54 |
| 2 | परिवहन कर अधिकारी (राजस्व) | 10 | – | 10 |
| 3 | परिवहन कर अधिकारी (प्रवर्तन) | 10 | – | – |
| | **योग** | **47** | **27** | **64** |

(9) इन्टरसेप्टर वाहन पर प्रवर्तन कर्मी--

| क्रम संख्या | फोर्स | कुल पदों की संख्या | प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **इन्टरसेप्टर वाहन** | 08 | 08 | 16 |

(10) परिवहन आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ एवं वीएलटी कण्ट्रोल रूम में प्रवर्तन कर्मी—

| क्रम संख्या | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्रवर्तन पर्यवेक्षक | प्रवर्तन सिपाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक परिवहन आयुक्त अथवा उच्चतर अधिकारी | 07 | 07 | — |
| 2 | परिवहन आयुक्त कर्यालय में कण्ट्रोल रूम (राउण्ड द क्लॉक) | — | — | 09 |
| | **योग** | **07** | **07** | **09** |

(रणवीर सिंह चौहान)
परिवहन आयुक्त।

संख्या— (1)/समदिनांकित।

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2— सचिव, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3— मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण।
4— समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5— समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
7— गार्ड फाईल।

(रणवीर सिंह चौहान)
परिवहन आयुक्त।

कार्यालयः कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
दूरभाषः 0135—2608105, 2608106, फैक्सः 2608106, ई—मेलः transportdeptuk@gmail.com